एक नजर में
प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

इन्दौर . स्व . विधायक चन्द्रशेखर व्यास की 46 वीं पुण्यतिथि पर मुख्य अतिथी के रूप में संबोधित करते हुए एम .आई . सदस्य पार्षद निरंजनसिंह चौहान ने कहा कि व्यास आम जनता से जुड़े हुए नेता थे, उन्हें हराने के कई बड़े नेताओं के प्रयास सफल नहीं हो सके . वे जनता के सच्चे सेवक थे, उनकी स्मृति में बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण एक सराहनीय कदम है, हमें शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देना चाहिये . एयरपोर्ट रोड़ स्थित शासकीय कार्यक्रम में बच्चो को स्कूल बेग देते दिए . अध्यक्षता कर रहे संदीप दुबे ने अपने श्रद्धा सुमन प्रस्तुत करते हुए कहा कि श्री व्यास जमीनी नेता थे, जनता का दु :ख दर्द दूर करना ही उनका लक्ष्य था . स्व . विधायक चन्द्रशेखर व्यास नागरिक सहायता समिति के द्वारा विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया . आयोजन में सर्वश्री जितेन्द्र जैसवाल, सुरेश व्यास, कालीचरण गुप्ता, महेश दुबे (छोटा पंडित), कमल व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन के . के . तिवारी ने किया व अन्त में आभार प्रकाश व्यास ने व्यक्त किया .

स्वामी परमानंद गिरि का ध्यान साधना शिविर आज से

इंदौर . श्रीराम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के वरिष्ठ न्यासी, महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य में ध्यान-साधना शिविर का 30वां दिव्य आयोजन इस बार गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम के सत्संग सभागृह में 10 से 16 अगस्त तक मनाया जाएगा . अखंड परमधाम सेवा समिति के अध्यक्ष किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, विजय शादीजा एवं रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि युगपुरुष स्वामी परमानन्द महाराज रविवार शाम को सड़क मार्ग से ब्यावरा से इंदौर पधारे तो खंडवा रोड स्थित आश्रम पर आश्रम के ट्रस्टी मंडल की ओर से उनकी गरिमापूर्ण अगवानी की गई . युग पुरुष के सानिध्य में ध्यान-साधना शिविर का शुभारंभ सोमवार 10 अगस्त को शाम 5 बजे होगा । 11 से 15 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक योगासन और 8 से 9 बजे तक ध्यान एवं प्रवचन की अमृत वर्षा होगी । शाम 5 से 7 बजे तक भी प्रवचनों की अमृत वर्षा का क्रम चलेगा । सभी कार्यक्रम खंडवा रोड आश्रम के सभागृह में होंगे . शिविर की तैयारियों को आश्रम की संयोजक साध्वी चैतन्य सिन्धु के मार्गदर्शन में अंतिम रूप दे दिया गया है . स्वामी परमानंद गिरि के साथ हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि एवं अन्य संत तथा शिष्य भी आए हैं .

विश्वनाथ धाम पर मंत्री मेघवाल ने किया पूजन

इंदौर . सांवेर रोड स्थित श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान ट्रस्ट के विश्वनाथ धाम पर बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा का स्वागत किया गया . इस अवसर पर केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, विधायक गोलू शुक्ला एवं महामण्डलेश्वर साध्वी हर्षा नंद गिरी जी सैकड़ों कांवड़ यात्रियों के साथ विश्वनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने ब्रह्मलीन स्वामी बालकृष्ण यती महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया . कांवड़ यात्रा की अगवानी ट्रस्ट के सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया, पंकज मित्तल एवं धीरेन पटेल ने की । इस दौरान हेमंत गोयल, दीपेंद्र सोलंकी, आयुष कचौलिया, मुन्ना सेठी, विनोद चंदानी, राजेंद्र अगर सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे . आयोजन के दौरान समस्त कांवड़ यात्रियों का दुपट्टा एवं हारमाला पहनाकर तथा फलाहार व मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया ।

विद्यार्थियों को निरंतर सीखने के लिए किया प्रेरित

इंदौर . जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने अपना स्थापना दिवस उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया .कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ . दीपांकर चक्रवर्ती के स्वागत उद्बोधन से हुआ . उन्होंने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए सेठ एम .आर . जयपुरिया लेक्चर सीरीज़ की परंपरा एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला . उन्होंने कहा कि यह व्याख्यान श्रृंखला वर्षों से विद्यार्थियों को उद्योग, नेतृत्व, नवाचार एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों से जोड़ने का सशक्त माध्यम रही है . उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने तथा मूल्य-आधारित नेतृत्व विकसित करने के लिए प्रेरित किया . स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेठ एम .आर . जयपुरिया लेक्चर सीरीज़ में दो विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया . सुश्री लॉली वडास्सेरी, सीएचआरओ, डाटामैटिक्स बिजनेस सॉल्यूशंस लिमिटेड, ने उद्योग जगत की बदलती आवश्यकताओं, भविष्य के कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं करियर निर्माण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए . उनके प्रेरक विचारों ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक जीवन के लिए नई दिशा प्रदान की . इसके पश्चात् सुश्री भार्गवी ठाकुर, प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका एवं मिक्स्ड मेथड्स रिसर्चर, ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण संगीत प्रस्तुति से उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया .संचालन एवं समन्वय डॉ . रेखा अत्री, डीन ङ्क स्टूडेंट्स वेलफेयर द्वारा किया गया .

वैश्य घटकों का परिचय सम्मेलन 26-27 सितम्बर को

इंदौर . शहर में 30 वर्ष से अधिक आयु और उच्च शिक्षित विवाह योग्य प्रत्याशियों के लिए होने वाले वैश्य घटकों के परिचय सम्मेलन के प्रति समाज बंधुओं के जबर्दस्त उत्साह को देखते हुए मप्र वैश्य महासम्मेलन ने परिचय सम्मेलन का स्थान अब रवीन्द्र नाट्य गृह से बदलकर रिंग रोड स्थित दस्तूर गार्डन कर दिया है और सम्मेलन को एक दिन के बजाय दो दिन के लिए कर दिया है अर्थात अब यह सम्मेलन 26-27 सितम्बर को रिंग रोड स्थित दस्तूर गार्डन पर आयोजित होगा . सम्मेलन के लिए अब तक एक हजार से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं . शनिवार को फतेहपुरिया समाज भवन पर आयोजित शहर के 25 वैश्य घटकों की महत्वपूर्ण बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए . बैठक को मप्र वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया . मप्र वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी, समन्वयक धीरज खंडेलवाल, नगर अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल, सम्मेलन संयोजक राजेश गर्ग एवं शिव जिन्दल ने बताया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शहर के प्रमुख वैश्य घटकों के पदाधिकारियों ने शामिल होकर सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि वे इस अभूतपूर्व और एतिहासिक आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे .

रैली में दिखी आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत

विश्व आदिवासी दिवस पर लालबाग से राजीव गांधी चौराहे तक गूंजा आदिवासी एकता और संस्कृति का संदेश

इंदौर. विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को आदिवासी समाज की ओर से भव्य रैली निकाली गई. लालबाग से शुरू हुई यह रैली राजीव गांधी चौराहे तक पहुंची रैली में हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए।

पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, सिर पर सजी कलगी और लोक संस्कृति की झलक ने पूरे आयोजन को आकर्षक बना दिया. विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर निकली इस रैली में इंदौर की सड़कों पर आदिवासी समाज की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत देखने को मिली. पारंपरिक वेशभूषा, सांस्कृतिक प्रतीकों और उत्साह के साथ शामिल हुए लोगों ने अपनी संस्कृति के प्रति गौरव का संदेश दिया. रैली के माध्यम से आदिवासी समाज ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और सामाजिक एकता को प्रदर्शित किया. बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा पारंपरिक परिधानों में नजर आए. ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर लोग उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे.

पारंपरिक वेशभूषा में दिखी गोंड संस्कृति की झलक : रैली में शामिल दीक्षा उईके ने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा धारण की थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने गोंड संस्कृति से जुड़े पारंपरिक कपड़े पहने हैं. सिर पर लगाई गई कलगी के बारे में उन्होंने बताया कि यह आदिवासी राजाओं द्वारा पहनी जाने वाली पारंपरिक पहचान का हिस्सा रही है. उन्होंने कहा कि इस तरह की वेशभूषा के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है.

बड़े त्योहार से कम नहीं आदिवासी दिवस : दिग्गी ठाकुर, सरपंच ग्राम उखलदा, ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समाज के लिए बहुत बड़ा पर्व है. इसे समाज के लोग उत्साह, उमंग और गर्व के साथ मनाते हैं . उन्होंने कहा कि यह दिन आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और पहचान को दुनिया के सामने रखने का अवसर देता है .

संस्कृति जीवित रखना प्रत्येक पीढ़ी की जिम्मेदारी : रैली में अंकलेश राणा भी पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में शामिल हुए. उन्होंने आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति को जीवंत रखना प्रत्येक पीढ़ी की जिम्मेदारी है . उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं .

ट्रैफिक पुलिस ने 240 नो पार्किंग सहित 859 वाहनों के चालान बनाए

इंदौर. शहर में यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को सभी जोन में 859 चालान बनाए. इनमें सबसे ज्यादा 240 कार्रवाई नो पार्किंग में हुई. बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 162 और गलत नंबर प्लेट के 124 वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई. पुलिस ने एक वाहन चालक का लाइसेंस निलंबित करने के लिए भेजा है.

रेड लाइट पार करने पर 26, तीन सवारी बैठाने पर 30, बिना लाइसेंस 14, बिना बीमा 64 और वन वे में वाहन चलाने पर 73 चालान बनाए. वाहन चलाते समय मोबाइल इस्तेमाल करने पर 38 और ब्लैक फिल्म लगाने पर 42 वाहन चालकों पर कार्रवाई हुई. मोडिफाइड साइलेंसर के चार और हूटर लगाने के तीन मामले भी पकड़े. सबसे ज्यादा कार्रवाई यातायात के जोन 4 में हुई. इसके अलावा 551 चालान पेंडिंग मोड में भी बनाए हैं. एसीपी हिंदू सिंह मुवेल के अनुसार, शहर में पिछले एक महीने से ज्यादा समय से वाहनों में लगे मोडिफाइड साइलेंसर और हूटर के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. यातायात पुलिस ऐसे वाहनों को रोककर कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि शहर में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चालानी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

हजारों माहेश्वरी बंधुओं ने किया भोले भंडारी का जलाभिषेक

समूचा पश्चिमी क्षेत्र गूंजता रहा बोल बम के उद्घोष से

इंदौर. पश्चिमी मप्र प्रादेशिक माहेश्वरी सभा एवं संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की संयुक्त मेजबानी में रविवार को रिंग रोड स्थित परस्पर गार्डन से निकली जय महेश कावड़ यात्रा ने समूचे मार्ग को भोले बाबा की भक्ति के रंग में डुबोए रखा. कावड़ पूजन एवं आरती के बाद नर्मदा, क्षिप्रा, गंभीर, कालीसिंध, चंबल और गंगा-यमुना सहित सात पवित्र नदियों के जल से भरी कावड़ उठाकर जब तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जैसे ही पदयात्रा शुरू की, समूचा क्षेत्र भगवान भोलेनाथ, भगवान महेश और देवी-देवताओं के जयघोष से गूंज उठा.

संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के प्रमुख शारदा प्रकाश अजमेरा एवं सभा के अध्यक्ष अजय झंवर ने बताया कि परस्पर गार्डन से प्रारम्भ हुई इस अनूठी कावड़ यात्रा ने सामाजिक सरोकार से

जुड़े मुद्दों पर भी आम लोगों का ध्यानाकर्षण किया। यात्रा में भगवान उमा महेश एवं भगवान भोलेनाथ और माँ पार्वती के चमत्कारों पर आधारित 7 झांकियां पूरे समय झिलमिलाती रही. भजनों पर नाचते-गाते हुए सभी श्रद्धालु परस्पर गार्डन से मेन रोड, फूटी कोठी चौराहा, रणजीत हनुमान, नाकोडा से गुमाश्ता नगर स्थित शिव मंदिर पहुंची जहाँ भगवान भोले भंडारी का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों में होड़ मची रही.

गुमाश्ता नगर स्थित शिव मंदिर पहुँचने पर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर उनसे समाज, शहर एवं देश-प्रदेश में सुख, शांति एवं सदभाव की प्रार्थना की. महाआरती में बड़ी संख्या में श्रीमती शारदा अजमेरा के साथ मातृशक्ति ने भी शामिल होकर समाज बंधुओं की अगवानी की. पार्षद बरखा मालू, भाजपा नेता एकलव्य सिंह गौड़, भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार, हरीश विजयवर्गीय सहित अनेक राजनेताओं ने भी कावड़ उठाकर पुण्य लाभ अर्जित किया.

'लम्बू' की संपत्तियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस जमीनों के खेल और लोगों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में जिलाबदर किए फारूख उर्फ 'लम्बू' की संपत्तियों का रिकॉर्ड खंगाल रही है. पुलिस ने नगर निगम और रजिस्ट्रार कार्यालय से उसकी जमीन जायदाद की जानकारी मांगी है. अब जांच का फोकस ठगी की रकम से बनाई गई संपत्तियों पर है.

चंदन नगर में रहने वाले फारूख उर्फ लम्बू के खिलाफ अवैध कॉलोनी काटने और लोगों से रुपए लेने की शिकायतों के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था. पूछताछ में उसने बताया था कि जल्द पैसा कमाने के लिए उसने दलाली शुरू की थी और कॉलोनी काटने की तैयारी कर रहा था. इस दौरान उसने अपने कुछ साथियों के नाम भी पुलिस को बताए थे. पुलिस की जांच में सामने आया कि लम्बू ने लोगों से हासिल किए रुपए का बड़ा हिस्सा संपत्तियों में लगाया है. इसी आधार पर अब पुलिस उसकी जमीन और अन्य संपत्तियों का ब्योरा जुटा रही है. इसके लिए नगर निगम और रजिस्ट्रार कार्यालय से रिकॉर्ड मांगा है.

ठगी की रकम वसूलने की तैयारी

संपत्तियों की जानकारी मिलने के बाद पुलिस यह पता लगाएगी कि इनमें से कौन सी संपत्ति ठगी की रकम से खरीदी गई है. लम्बू को पुलिस कमिश्नर के आदेश पर तीन माह के लिए इंदौर और आसपास के जिलों से जिलाबदर किया जा चुका है. चंदन नगर पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए भी इसकी सूचना क्षेत्र में प्रसारित कराई थी. कार्रवाई के बाद अब पुलिस का फोकस उसकी आर्थिक गतिविधियों और संपत्तियों की पड़ताल पर है, ताकि ठगी के शिकार लोगों को उनकी रकम वापस दिलाने की दिशा में कार्रवाई की जा सके.

ट्रेनिंग के बाद चौराहों पर उतरे एनसीसी कैडेट्स, संभाला ट्रैफिक

- वाहन चालकों को नियमों का पालन कराया
- रेड लाइट जंप और गलत दिशा में वाहन चलाने से रोका

नव भारत न्यूज

इंदौर. यातायात व्यवस्था संभालने के साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के नियम समझाने के लिए एनसीसी कैडेट्स भी चौराहों पर नजर आए. यातायात पुलिस ने 9 एमपी बटालियन के कैडेट्स को पहले ट्रैफिक संचालन का प्रशिक्षण दिया. इसके बाद शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस के साथ यातायात संभाला और वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश दी.

कैडेट्स को चौराहों पर यातायात संकेतों के इस्तेमाल, वाहन रोकने और आगे बढ़ाने के तरीके सहित जरूरी सावधानियों की जानकारी दी गई. इसके बाद उन्होंने यातायात पुलिस और ट्रैफिक वार्डन्स के साथ मिलकर व्यवस्था संभाली. वाहन चालकों को रेड लाइट पर रुकने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए कहा गया है. यातायात पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य युवाओं को यातायात व्यवस्था से जोड़ने के साथ आम लोगों में भी नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. एनसीसी की विभिन्न इकाइयों के कैडेट्स आगे भी यातायात पुलिस के साथ जागरूकता और यातायात प्रबंधन में सहयोग करेंगे.

पुलिस चेकिंग में 472 बदमाशों पर कार्रवाई, 252 वारंट तामील

- शराब पीकर वाहन चला रहे 148 लोगों को पकड़ा
- चाकू के साथ घूम रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. रविवार की दरमियानी रात से सुबह तक चली पुलिस की सघन चेकिंग में 472 बदमाशों पर कार्रवाई की गई. इस दौरान अलग-अलग मामलों में 252 वारंट भी तामील कराए गए. वहीं, शराब पीकर वाहन चलाने वाले 148 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जबकि तीन लोगों को अवैध चाकू के साथ पकड़ा.

पुलिस ने रात में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में अचानक चेकिंग शुरू की थी. इसमें पुलिस टीमों ने गुंडे बदमाशों, निगरानीशुदा बदमाशों और संदिग्ध लोगों की जानकारी जुटाने के साथ उनके ठिकानों और गतिविधियों की जांच की. लंबे समय से फरार आरोपियों के 65 स्थायी, 65 गिरफ्तारी और 122 जमानती वारंट तामील किए. चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों की भी जांच की गई. 148 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई हुई. अंतरराज्यीय बसों और लोक परिवहन वाहनों के चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई. सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के 12 और नशे का सेवन करने वालों के चार मामले भी दर्ज किए. साथ ही अवैध हथियारों की तलाश में एरोड्रम पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में दो लोगों को चाकू के साथ पकड़ा, जबकि तुकोगंज पुलिस ने भी एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया. आदतन बदमाशों के खिलाफ

सघन चैकिंग अभियान चलाकर की कार्रवाई

पुलिस ने इस दौरान हॉटस्पॉट और शेडो एरिया में ड्रोन से भी निगरानी की . संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त और बाइक पेट्रोलिंग भी की . होटल, लॉज, रैन बसेरा, ढाबों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर संदिग्ध लोगों की जांच की गई . इस दौरान फरार आरोपियों में से कुछ को पुलिस ने पकड़ा है . वहीं आदतन अपराधियों को थाने बुलाकर उनके डोजियर तैयार किए गए और उन्हें दोबारा अपराध नहीं करने की हिदायत दी गई . यातायात नियम तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई हुई . ब्लैक फिल्म, हूटर और मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों की जांच कर चालान बनाए . पुलिस टीमों ने लोगों से बातचीत कर साइबर अपराध, महिला अपराध, नशे और सड़क सुरक्षा को लेकर भी समझाइश दी .

फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस की दबिश, चार पर इनाम

इंदौर. शहर में अलग-अलग वारदातों को अंजाम देकर फरार हुए बदमाशों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है. बाणगंगा में नाबालिग के अपहरण और तीन लाख रुपए में सौदा करने के मामले में फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस ने कई शहरों में ठिकाने खंगाले हैं, वहीं डिलीवरी बॉय से चाकू की नोक पर स्कूटर लूटने वाले जिलाबदर बदमाश की भी तलाश जारी है.

बाणगंगा के मामले में पुलिस ने अब तक नौ लोगों को आरोपी बनाया है. इनमें संजू यादव, नंदलाल यादव, रामविलास और रितेश गिरफ्तार हो चुके हैं. किशोर चौहान निवासी आष्टा, बाबू दादू निवासी रतलाम, अज्जू यादव, सोनू बंजारा और कछु गुर्जर की तलाश चल रही है. पुलिस महेश्वर, रतलाम और देवास में इनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे चुकी है. फरार आरोपियों में चार पर डीसीपी अभिषेक रंजन ने दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया है.

जिलाबदर बदमाश पलक वर्मा का नहीं लगा सुराग : इधर, डिलीवरी बॉय से स्कूटर लूटने के मामले में जिलाबदर बदमाश पलक वर्मा की भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है. आरोपी ने डिलीवरी बॉय पीयूष का पीछा करने के बाद उसे धक्का देकर गिराया और चाकू दिखाकर स्कूटर छीन लिया था. वारदात के बाद से आरोपी फरार है. पुलिस उसके संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाकर तलाश कर रही है. एसीपी, रुबीना मिजवानी ने बताया कि पुलिस को मानव तस्करी के मामले से जुड़े लोगों और पूरे रैकेट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है. फरार आरोपियों के पकड़े जाने के बाद मामले में और खुलासे होने की उम्मीद है.

लंबित जमानत मामलों पर हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ के आह्वान का हुआ असर

जमानत मामलों की सुनवाई के लिए जबलपुर से न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार वाणी का रोस्टर

इंदौर. इंदौर बेंच में पिछले तीन माह से लंबित चल रहे जमानत के सैकड़ों मामलों को देखते हुए उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ की मांग पर जमानत मामलों की सुनवाई के लिए जबलपुर से न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार वाणी का रोस्टर जारी किया है. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने 10 अगस्त से आगामी आदेश तक के लिए यह रोस्टर जारी किया है.

उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ इंदौर के अध्यक्ष मनीष यादव ने बढ़ते लंबित जमानत मामलों को देखते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति से इंदौर बेंच में जमानत मामलों की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति की व्यवस्था करने का आग्रह किया था. इसी के बाद न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार वाणी को जबलपुर से इंदौर में जमानत मामलों की सुनवाई के लिए भेजा है. गौरतलब है कि न्यायमूर्ति विनोद कुमार द्विवेदी और प्रशासनिक न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला के सेवानिवृत्त होने के बाद इंदौर बेंच को कोई नया न्यायमूर्ति नहीं मिला था. इसके चलते जमानत समेत अन्य मामले सुनवाई के लिए लंबित चल रहे थे. अब न्यायमूर्ति वाणी 10 अगस्त से आगामी आदेश तक इंदौर बेंच में जमानत मामलों की सुनवाई करेंगे.

एक नजर में दलाल बाग में राष्ट्रसंत सुधासागर म .सा . का युवाओं को प्रेरक आशीर्वचन

युवाओं को एक जाजम पर संगठित होने की जरूरत

इंदौर. किसी भी राष्ट्र और समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी तरुणाई होती है. आज समाज के युवाओं को राष्ट्रीय एकता संघ बनाकर सबको एक जाजम पर संगठित होने की जरूरत है. देश तो एक है ही लेकिन राष्ट्रीय एकता एवं चेतना की दृष्टि से भी युवाओं को संगठित होना होगा. इंदौर में भी जितने मंदिर, युवाओं के संगठन एवं मंडल हैं उन्हें एक संघ में जोड़कर अपनी सेवा गतिविधियाँ चलाना चाहिए. बिना पद और बिना किसी नाम के भी जो लोग जिनशासन की सेवा में जुटे हैं, उनका भी अभिनन्दन करना चाहिए. प्रयास करें कि इंदौर का यह चातुर्मास पूरे शहर का चातुर्मास बने और इसका लाभ जन-जन तक पहुंचे.

ये आशीर्वचन हैं संत शिरोमणि विद्यासागर के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने रविवार को सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में चल रहे चातुर्मास की महती धर्मसभा में युवा सम्मेलन में तरुणाई को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए. बड़ी संख्या में युवा एवं मातृशक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे.राष्ट्रसंत के आशीर्वचन के पश्चात सुबह सुधा का सागर पुस्तक पर आधारित दिलचस्प स्पर्धा भी हुई जिसमें 1000 से अधिक सभी आयु वर्ग के समाज बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोपहर में शहर की तरुणाई ने दलाल बाग पहुंचकर राष्ट्रसंत के विशेष प्रवचनों, आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन का लाभ उठाया. आयोजन समिति की ओर से नवीन गोधा, मनीष गोधा, अशोक डोसी, हर्ष जैन, आकाश जैन कोयला आदि ने सभी युवाओं की अगवानी की. युवाओं के सम्मेलन में मुनि सेवा संघ, समस्त मुनि सेवा समितियां, सोशल ग्रुप, युवा संगठन, युवा जैन व्यायामशाला एवं सभी जैन युवा संगठनों की सभी टीमों को राष्ट्रसंत सुधासागर के पावन सानिध्य में विशेष प्रवचन, आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन का लाभ प्राप्त हुआ. युवाओं को धर्म, संस्कार, सेवा, संगठन एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा से जोड़ने का यह एक दुर्लभ अवसर था जिसमें शहर की समस्त तरुणाई को राष्ट्रसंत की ओर से शुभाशीष भी प्राप्त हुए. चातुर्मास के दौरान दलाल बाग पर प्रतिदिन सुबह 8 से 9.30 बजे तक धर्मसभा में राष्ट्रसंत सहित सभी संत विद्वानों के प्रवचनों की अमृत वर्षा होगी.